GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF DEFENCE
DEPARTMENT OF MILITARY AFFAIRS
**RAJYA SABHA**
**UNSTARRED QUESTION NO. 42**
TO BE ANSWERED ON 18th JULY, 2022

**SUICIDES BY SERVICEMEN AND EX-SERVICEMEN**

42. SHRI A. A. RAHIM:

Will the Minister of Defence be pleased to state:

(a) the number of servicemen and ex-servicemen who have committed suicide over the past five years, branch-wise;

(b) the details of the particular steps and support given towards ensuring the sound mental health of the servicemen and ex-servicemen; and

(c) the details of the amount of money allocated towards the same to ensure sound mental health of servicemen and ex-servicemen, over the last five years?

A N S W E R

MINISTER OF STATE (SHRI AJAY BHATT)
IN THE MINISTRY OF DEFENCE

(a): The details of Physical Casualties (Fatal) occurred due to suspected suicides by serving personnel in the armed forces in the past five years are as under:-

| Armed Force | Deaths by suicides |
|---|---|
| Army | 642 |
| Navy | 29 |
| Air Force | 148 |

However, the Government doesn't centrally maintain the data on suicides committed by the Ex-Servicemen.

(b): For management of Stress and Suicides in services, the Armed Forces are continuously evolving measures to improve the stress mitigating mechanisms. An elaborate Mental Health programme has been formulated and is in vogue since 2009.

Various mechanisms to observe and identify Armed Forces personnel with Psychiatry problems including depression and suicidal tendencies are in place. Detailed guidelines for

….2/-

https://www.staffnews.in

psychiatric examination, diagnosis, treatment and disposal of service personnel and their families suffering from psychiatric disorders have been promulgated by Director General Armed Forces Medical Services (DGAFMS).

Personnel at high risk of stress are identified and counseled by unit Commanding Officers, Regimental Medical Officers and Junior Leaders as per laid down procedures. All personnel returning to unit after leave are interviewed, counseled and medically examined by the Regimental Medical Officers. Stress markers/warning signs of stress are looked for and motivational talks rendered to all.

Following proactive steps have been taken by Armed Forces Medical Services (AFMS) for providing quality care and support for psychological conditions and disorders in Armed Forces:-

(i) Mental health issues including basic counseling skills and combat stress management are a part of military training curriculum for all ranks (officers and other ranks).

(ii) Major Armed Forces hospitals have well equipped Psychiatry departments that function as therapeutic, training and teaching centres.

(iii) Psychological counselors are trained at earmarked AFMS hospitals and this training helps the medical professionals to identify high risk cases and their further psychological management.

(iv) Non-Medical personnel are also trained in basic counseling/mentoring skills. They act as a link between soldiers and well-trained Army Medical Corps (AMC) professional personnel.

(v) Studies on causes/issues related to suicide/fratricides are carried out from time to time and suitable educational material is disseminated for education of troops.

Administrative actions:

(vi) Addressing grievances through interactions at all levels.

(vii) Regular and frequent spells of leave is ensured for troops, especially in field areas.

(viii) Ensuring Buddy system in units.

Welfare of troops and families:

(ix) Welfare activities like provision of married accommodation, schooling and recreational facilities are given a thrust.

(x) Armed Forces Wives Welfare Association members (ladies) too are involved in fruitful de-stressing interactions with the wives of soldiers.

....3/-

https://www.staffnews.in

Yoga and meditation:

(xi) Introduction of Yoga : Yoga as a stress buster has been introduced in the Armed Forces.

(xii) Besides these, non-medical counselors like the religious teachers (Pandit/ Granthis/ Maulvis) from each unit are also trained in couselling as the soldiers repose faith in them.

Capacity Building:

(xiii) Both Medical and Non-medical personnel are being trained in counseling to offer their services both in peace and in combat zones.

(xiv) Training of doctors and junior leaders to identify and handle high risk individuals.

(xv) Providing holistic preventive, promotive, curative and rehabilitative health care.

Army

The issue of stress is being addressed by the Commanders in a comprehensive manner at various levels. Sessions for stress management are organized by Commanders and Psychiatrists at all major stations. Counseling is an intrinsic component of 23 Psychiatric Centres in the Army manned by well trained and qualified Psychiatrists and Psychiatric Nursing Assistants.

Specific measures are put in place as part of the multi-pronged strategy to address stress in Army, these include sensitization of Commanders on the subject, addressing grievances through interactions, implementation of 'buddy' system, welfare measures like provision of adequate married accommodation, good schooling, recreation facilities etc.

Indian Navy

In order to augment mental Health Care and reduce mental stress among Naval Personnel, the following initiatives been implemented in the Indian Navy:

(i) Station Mental Health Centres have been established in Mumbai, Vishakhapatnam, Kochi, Port Blair, Goa and Karwar. Family counselors at Family Welfare centres provide Psychological Counselling.

(ii) Psychological Counselling is also provided at full fledged Department of Psychiatry at large Naval stations. Apart from posted psychiatrist, services of clinical psychologists and counselors are hired.

….4/-

https://www.staffnews.in

(iii) Training of manpower:

(a) Training of Medical Officer and Paramedical personnel in 'Mental Health First Aid'.

(b) Training of non medical personnel in Mental Health - keep your Buddy safe.

(c) Increase in strength of trained Human resources in terms of increased seats for MD (Psychiatry) and starting of new training courses such as M. Phil in Clinical Psychiatry, M. Phil in Psycho Social work and Diploma in Psychiatric Nursing in Department of Psychiatry at INHS Asvini under Scheme B of National Mental Health Programme, Ministry of Health and Family Welfare.

(iv) A toll-free Suicide Helpline is available exclusively for Indian Navy personnel at INHS Asvini.

(v) A comprehensive policy to prevent suicide among serving Naval personnel bring out strategy IN-SMART (Indian Navy Strategy for Mental Health Assistance Resilience and Training) was promulgated on 12.04.2022.

Indian Air Force

The following measures have been taken by IAF to ensure sound mental health amongst the Air Warriors:-

(i) A "Psychological Evaluation and Remedial Actions Committee" (PERAC) under the Chairmanship of Air Officer-in-Charge Administration (AOA) with Air Officer-in-Charge Personnel (AOP) and DGMS(Air) as main members meet twice in a year. The committee has been set up for better understanding of the suicides in the IAF and reviews all measures in IAF for creating a stress free environment and prevention of suicides.

(ii) 114 Civilian Psychological Counselors trained in Clinical Psychology and Stress Management have been employed at various stations in IAF for counseling of service personnel and their dependents.

(iii) Service Counselors: Training of service personnel in psychological counseling and stress management is being conducted at CHAF, Bangalore for a duration of 08 weeks. 149 Air Warriors have been trained till date and are functioning as Service Counselors at various stations in IAF.

(iv) Service Mentors: A five day Mentor course for training of officers and airmen to facilitate early recognition of psychological symptoms is being conducted at IAM (Institute of Aerospace Medicine). 742 Mentors have been trained till date. These trained Mentors are posted in training establishments and various other stations of IAF for counseling and early recognition of mental illness amongst the trainees, service personnel and their dependents.

….5/-

https://www.staffnews.in

(v) All personnel with psychological issues are referred by service mentors and service counselors for further evaluation of SMC (Station Medical Centre) by a trained psychological counselor. If required, they are further referred to a Psychiatrist at the nearest service hospital for follow up.

(vi) Mansik Sahayta Helpline: All India toll free helpline 1800-110-080 is functional at Air Force Central Medical Establishment, Delhi and caters for any assistance required round the clock.

(vii) Psychological First Aid (PFA) training has been introduced in all units of IAF with effect from 26 Feb 2020 to recognize early mental health symptoms and provide psychological first aid on the spot. The trained Air Warriors act as first responders and help in developing adaptive coping mechanisms in Air Warriors and families. A total of 4075 Air Warriors have been trained in PFA till date.

(viii) Online Counseling Capsule for all civilian Psychological Counselors is being conducted by IAM on half yearly basis for their familiarization with IAF working environment and issues pertaining to the service. Three such courses have been conducted till date last being on 20 Apr 2022.

(ix) Educational material in the form of advisory and power point presentations/ movies and suicide prevention have been uploaded on DGMS (Air) website for creating awareness amongst the service personnel and their dependents.

(x) Various workshops and lectures on Mental Health and Stress Management are being conducted quarterly in all IAF stations as part of Mission Zindagi Campaign.

All types of medical treatment including mental health are available to the ECHS beneficiaries through a vast network of Polyclinics, Empanelled Health Care Organisations and Service Hospitals spread across the country.

(c) Adequate funds are always allocated for provision of comprehensive healthcare for armed forces personnel and ex-servicemen which comprises preventive, promotive and curative components. No dedicated fund allocation is made for mental health care, however, the same is ensured within the framework of comprehensive healthcare.

*****

https://www.staffnews.in

**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**सैन्य कार्य विभाग**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 42**
**18 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए**

## सैनिकों और पूर्व सैनिकों द्वारा आत्महत्या

**42. श्री ए.ए. रहीम :**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों में आत्महत्या करने वाले सैनिकों और पूर्व सैनिकों की शाखा-वार संख्या कितनी है ;
(ख) सैनिकों और पूर्व सैनिकों की मानसिक स्वस्थता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए विशेष कदमों और दी गई सहायता का ब्यौरा क्या है ; और
(ग) विगत पांच वर्षों में सैनिकों और पूर्व सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए आवंटित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)**

(क) पिछले पांच वर्षों में सशस्त्र सेनाओं में सेवारत कार्मिकों द्वारा की गई संदिग्ध आत्महत्याओं के कारण शारीरिक रूप से हताहत (गंभीर) के विवरण निम्नलिखित हैं :-

| सशस्त्र सेना | आत्महत्या के कारण हुई मौतें |
|---|---|
| सेना | 642 |
| नौसेना | 29 |
| वायुसेना | 148 |

तथापि, सरकार भूतपूर्व सैनिकों द्वारा की गई आत्महत्याओं पर डेटा का रखरखाव केन्द्रीकृत रूप से नहीं करती है ।

https://www.staffnews.in

(ख) सेना में तनाव और आत्महत्या के प्रबंधन के लिए सशस्त्र सेनाएं, तनाव कम करने की प्रणाली में सुधार लाने के लिए सतत उपायों का विकास कर रहे हैं । एक विस्तृत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम तैयार किया गया है और यह 2009 से प्रचलन में है ।

सशस्त्र सेना कार्मिक जिनमें मनोरोग के साथ उदासी और आत्मघाती प्रवृत्ति है उनके अवलोकन और पहचान के लिए विभिन्न प्रणाली हैं । मनोरोग चिकित्सा, जांच, ईलाज और कार्मिक और उनके परिवार जो मानसिक रोग भुगत रहे हैं की सेवा से निवर्तन के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन डीजीएएफएमएस द्वारा जारी किया जा रहा है ।

अत्यधिक तनावग्रस्त कार्मिकों की पहचान की जाती है और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार कमांडिंग अफसरों, रेजिमेंट के चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ स्तर पर कार्यरत अधिकारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग की जाती है । अवकाश के पश्चात, वापस यूनिट में लौटने वाले सभी कार्मिकों का रेजिमेंट के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार, काउंसलिंग और चिकित्सकीय जांच की जाती है । तनाव के स्ट्रेस मार्कर/चेतावनी चिन्हों की पहचान की जाती है और सभी कार्मिकों से प्रेरणादायी वार्ता की जाती है ।

सशस्त्र सेनाओं में मनोवैज्ञानिक स्थितियां और डिसआर्डर्स के लिए गुणवत्ताप्रद देखभाल और सहयोग प्रदान करने के लिए सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाओं द्वारा सतर्कता स्वरूप निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :-

(i) मूल काउंसलिंग स्किल्स और युद्धक तनाव प्रबंधन सहित मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे सभी रैंक (अफसर और अन्य रैंक) के लिए सैन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का हिस्सा होते है ।

(ii) प्रमुख सशस्त्र सेना अस्पतालों में सुसज्जित मनोचिकित्सा प्रभाग होते हैं जो चिकित्सीय, प्रशिक्षण और शिक्षण केन्द्रों के रूप में कार्य करते है ।

(iii) मनोवैज्ञानिक काउंसलरों को निर्धारित एएफएमएस अस्पतालों में प्रशिक्षित किया जाता है और यह प्रशिक्षण चिकित्सा पेशेवरों को तनाव से जुडे हाई रिस्क मामलों का पता लगाने और उसके आगे के मनोवैज्ञानिक प्रबंधन को चिन्हित करने में सहायता करता है ।

(iv) गैर-चिकित्सा कार्मिकों को भी मूल काउंसलिंग/मेंटरिंग स्किल्स में प्रशिक्षित किया जाता है । वे सैनिकों और सुप्रशिक्षित सैन्य चिकित्सा कोर (एएमसी) प्रोफेसनल कार्मिकों के बीच संपर्क का काम करते हैं ।

(v) आत्महत्या/भ्रातृहत्या से संबंधित कारणों/मामलों पर समय-समय पर अध्ययन करवाया जाता है और सैन्य टुकड़ियों के लिए उपयुक्त शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जाता है ।

**<u>प्रशासनिक कार्रवाई</u>**

(vi) सभी स्तरों पर परस्पर वार्ता के माध्यम से शिकायतों का निवारण ।

(vii) सैन्य टुकड़ियों विशेषतः फील्ड क्षेत्र में, के लिए नियमित और निश्चित अंतराल पर अवकाश प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाता है ।

(viii) यूनिटों में बॅडि सिस्टम को सुनिश्चित करना ।

**<u>सैन्य टुकड़ियों और परिवारों का कल्याण</u>**

(ix) विवाहित आवास, स्कूलिंग और मनोरंजन सुविधा के प्रावधान जैसी कल्याणकारी कार्यकलापों पर जोर दिया जाता है ।

(x) आर्म्ड फोर्सेज वाइफ्स वेलफेयर एसोसिएशन मेम्बर्स (महिलाएं) का सैनिकों की पत्नियों के साथ तनाव से मुक्त रहने की परस्पर वार्ता में शामिल रहना भी लाभदायक साबित हुआ है ।

**<u>योग और ध्यान</u>**

(xi) **योग का प्रारंभ** : सशस्त्र सेनाओं में योग को एक तनाव मुक्ति के साधन के तौर पर प्रारंभ किया गया है ।

(xii) इसके अतिरिक्त, प्रत्येक यूनिट से गैर-चिकित्सा काउंसलरों जैसे कि धार्मिक गुरूओं (पंडित/ग्रंथी/मौलवी) को भी परामर्शदाताओं के रूप में प्रशिक्षित किया गया है क्योंकि सैनिक उन पर भरोसा करते हैं।

**क्षमता निर्माण**

(xiii) चिकित्सा व गैर-चिकित्सा कार्मिक, दोनों को शांति व युद्धक दोनों क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए परामर्श देने हेतु प्रशिक्षित किए जा रहे हैं ।

(xiv) उच्च जोखिम युक्त व्यक्तियों का पता लगाने और संभालने के लिए डॉक्टरों और कनिष्ठ नेतृत्व को प्रशिक्षित करना ।

(xv) समग्र, निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक और पुनर्वासित चिकित्सा सुविधा को प्रदान करना ।

**<u>सेना</u>**

तनाव के मामले को विभिन्न स्तरों पर व्यापक रूप से कमांडरों के द्वारा समाधान किया जा रहा है । सभी प्रमुख स्टेशनों पर कमांडरों और मनोवैज्ञानिकों द्वारा तनाव दूर करने के सत्र आयोजित किए जाते हैं। कुशल प्रशिक्षण और अर्हता प्राप्त मनोवैज्ञानिकों और मनोवैज्ञानिक नर्सिंग सहायकों द्वारा संचालित सेना के 23 मनोवैज्ञानिक केन्द्रों में काउंसलिंग मूलभूत घटक है ।

सेना में तनाव दूर करने के लिए बहु-आयामी रणनीति के हिस्से के तौर पर विशेष मापदंड अपनाए जाते हैं, जिनमें किसी विषय पर कमांडरों को संवेदनशील बनाना, बातचीत के द्वारा शिकायतों का समाधान, 'मित्र' प्रणाली का क्रियान्वयन, कल्याणकारी उपाय जैसे कि पर्याप्त वैवाहिक आवास का प्रावधान, अच्छे विद्यालय, मनोरंजन सुविधाएं इत्यादि शामिल हैं ।

**<u>भारतीय नौसेना</u>**

नौसेना कार्मिकों के मध्य मानसिक स्वास्थ्य सेवा के संवर्धन और मानसिक तनाव घटाने के लिए, भारतीय नौसेना में निम्नलिखित पहलें क्रियान्वित की जा रही हैं :-

https://www.staffnews.in

(i) मुंबई, विशाखपट्टनम, कोच्चि, पोर्ट ब्लेयर, गोवा और करवार में स्टेशन मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किए गए हैं । परिवार कल्याण केन्द्रों पर पारिवारिक काउंसलर, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग प्रदान करते हैं ।

(ii) बड़े नौसेना स्टेशनों पर संपूर्ण मनोवैज्ञानिक विभाग में मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग भी प्रदान की जाती है । तैनात मनोवैज्ञानिकों के अलावा, क्लिनिकल मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सेवाएं भी ली जाती हैं ।

(iii) **जनशक्ति का प्रशिक्षण**

(क) 'मानसिक स्वास्थ्य प्राथमिक सहायता' में चिकित्सा अधिकारी और पराचिकित्सा कार्मिकों का प्रशिक्षण ।

(ख) मानसिक स्वास्थ्य में गैर चिकित्सा कार्मिकों का प्रशिक्षण - अपने मित्र को सुरक्षित रखना ।

(ग) राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की योजना 'ख' के तहत आईएनएचएस, अश्विनी में मनोरोग चिकित्सा विभाग में एमडी ( मनोरोग चिकित्सा) हेतु सीटों को बढ़ाकर प्रशिक्षित मानव संसाधन क्षमता में वृद्धि करना और क्लिनिकल मनोरोग चिकित्सा में एम.फिल., मानसिक सामाजिक कार्य में एम.फिल और मनोविज्ञान नर्सिंग में डिप्लोमा जैसे नए प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करना ।

(iv) आईएनएचएस अश्वनी पर भारतीय नौसेना कार्मिकों के लिए विशेष रूप से एक टॉल-फ्री सुसाइड हेल्पलाइन उपलब्ध है ।

(v) सेवारत नौसेना कार्मिकों के मध्य आत्महत्या रोकने के लिए दिनांक 12.04.22 को आईएन-एसएमएआरटी (मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रतिस्कन्दन एवं प्रशिक्षण हेतु भारतीय नौसेना रणनीति) नामक एक व्यापक नीति का प्रख्यापन किया गया है ।

**भारतीय वायुसेना**

भारतीय वायुसेना द्वारा वायु सैनिकों के मध्य स्वस्थ मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:-

(i) एयर अफसर-इन-चार्ज प्रशासन (एओए) के साथ एअर अफसर-इन-चार्ज कार्मिक (एओपी) और डीजीएमएस (वायु) के प्रमुख सदस्यों की अध्यक्षता में एक वर्ष में दो वार एक "मनोवैज्ञानिक विकास और उपचारात्मक कार्रवाई समिति" (पीआरएसी) की बैठक की जाती है । समिति का गठन भारतीय वायुसेना में हो रही आत्महत्याओं के प्रति बेहतर समझ विकसित करने हेतु किया गया है और यह भारतीय वायुसेना में आत्महत्याओं के तनावमुक्त परिवेश और बचाव सृजित करने हेतु किए गए सभी उपायों की समीक्षा करती है ।

(ii) भारतीय वायुसेना के विभिन्न स्टेशनों पर सेना कार्मिकों और उनके आश्रितों को परामर्श प्रदान करने के लिए 114 सिविलियन मनोवैज्ञानिक परामर्शदाताओं को नैदानिक मनोविज्ञान और तनाव प्रबंधन में प्रशिक्षित करते हुए तैनात किया गया है ।

(iii) **सेना परामर्शदाता** – सेना कार्मिकों को सीएचएएफ, बंगलौर में मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं तनाव प्रबंधन में 08 सप्ताह की अवधि का प्रशिक्षण प्रदान करने का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना के विभिन्न स्टेशनों पर आज तक 149 वायु सैनिकों को प्रशिक्षित कर दिया गया है और वे सेना परामर्शदाताओं के रूप में काम कर रहे हैं ।

https://www.staffnews.in

(iv) **सेना मेंटर्स** – अधिकारियों एवं वायुसैनिकों के प्रशिक्षण हेतु आईएएम (इन्स्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन) में मनोवैज्ञानिक लक्षणों की शीघ्र पहचान करने के लिए पांच दिवसीय मेंटर्स कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। आज तक 742 मेंटर्स प्रशिक्षित किए गए हैं। इन प्रशिक्षण प्राप्त मेंटर्स को प्रशिक्षुओं, सेना कार्मिको और उनके आश्रितों के बीच मानसिक बीमारी की शीघ्र पहचान और परामर्श प्रदान करने हेतु भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण स्थापनाओं और विभिन्न अन्य स्टेशनों में तैनात किया गया है।

(v) मनोवैज्ञानिक मामले से संबंधित सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण प्राप्त मनोवैज्ञानिक परामर्शदाताओं द्वारा एसएमसी (स्टेशन चिकित्सा केन्द्र) में आगे की जांच के लिए सेना मेंटर्स और सेना काउन्सलर्स द्वारा रिफर किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर, मनोचिकित्सक द्वारा उन्हें अनुवर्ती जांच हेतु नजदीकी सेना अस्पताल भेजा जाता है।

(vi) **मानसिक सहायता हेल्पलाइन** - वायुसेना केन्द्र चिकित्सा स्थापना, दिल्ली में अखिल भारतीय टाल फ्री हेल्पलाइन 1800-110-080 कार्यरत है और पूरे दिन किसी भी सहायता हेतु उपलब्ध रहती है।

(vii) भारतीय वायुसेना की सभी इकाइयों में दिनांक 26 फरवरी 2020 से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों की शीघ्र पहचान हेतु मनोवैज्ञानिक प्राथमिक उपचार (पीएफए) प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है और यह स्थल पर ही मनोवैज्ञानिक प्राथमिक उपचार प्रदान करती है। प्रशिक्षण प्राप्त वायु सैनिक प्रथम प्रतिक्रिया दिखाने वालों की तरह कार्य करते हैं और वायु सैनिकों और परिवारों में अनुकूल कोपिंग तंत्र विकसित करने में सहायता करते हैं। पीएफए में आज तक कुल 4075 वायुसैनिक प्रशिक्षित किए गए हैं।

(viii) आईएएम द्वारा अर्द्धवार्षिक आधार पर आईएएफ कार्य परिवेश और सेवा से उत्पन्न मामलों से उनका परिचय कराने के लिए सभी असैनिक मनोवैज्ञानिक सलाहकारों के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग कैप्सूल का संचालन किया जा रहा है।

https://www.staffnews.in

(ix) सेना कार्मिक और उनके आश्रितों के बीच जानकारी देने के लिए परामर्श और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन/मूवीज़ के रूप में शैक्षिक सामग्री डीजीएमएस (वायु) वेबसाइट अपलोड किया गया है ।

(x) मिशन जिन्दगी अभियान के हिस्से के रूप में सभी आईएएफ स्टेशनों में मानसिक स्वास्थ्य और दबाव प्रबंधन पर विभिन्न कार्यशालाओं और व्याख्यानों का आयोजन किया जा रहा है ।

पॉलीक्लिनिकों के विशाल नेटवर्क, पैनलबद्ध स्वास्थ्य संगठनों और देश में विस्तृत सेना अस्पतालों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सहित सभी प्रकार के चिकित्सा उपचार ईसीएचएस हितधारकों को उपलब्ध है ।

(ग) सशस्त्र सेना कार्मिक और भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य के व्यापक प्रावधान हेतु हमेशा पर्याप्त निधियों का आवंटन होता है जिसमें निवारक, उन्नायक, रोगनाशक घटक शामिल होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए किसी प्रकार की समर्पित निधि का आवंटन नहीं किया जाता है तथापि, इसे समग्र स्वास्थ्य देखभाल के फ्रेमवर्क में ही सुनिश्चित किया जाता है ।

***

https://www.staffnews.in